Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of National Highway from Agra to Sawai Madhopur via Jagner, Basai and Karauli in Rajasthan.

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर) : सभापति महोदय, आपने मुझे मेरे संसदीय क्षेत्र करौली-धौलपुर के साथ में ही श्री राजकुमार चाहर जी के संसदीय क्षेत्र फतेहपुर सीकरी का भी एक महत्वपूर्ण मांग उठाने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मेरे यहां कैला मइया का एक बहुत बड़ा मेला लगता है । करौली जिला और धौलपुर जिला आकांक्षी जिलों में, इसमें आगरा से जगनेर, जगनेर से बसेड़ी, बसेड़ी से मासलपुर, करौली, कैला देवी, सपोटरा और सवाई माधोपुर तक के लिए नेशनल हाईवे की मांग वर्ष 2014 से लगातार मैंने की है । वर्ष 2017 में माननीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी जी करौली जिला मुख्यालय पर आए और उन्होंने घोषणा की थी ।

पुन: मैं आपके माध्यम से श्री नितिन गडकरी जी और उनके मंत्रालय से आग्रह करना चाहता हूं कि वे मेरे संसदीय क्षेत्र के इस महत्वपूर्ण मांग को जल्द से जल्द से पूरा करके उस क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने का काम करें ।